# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

## सर्कुलर रोड, रांची–834001

### प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड न्यायिक सेवा अन्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सीधी भर्त्ती (विज्ञापन संख्या–12/2018) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (लिखित) में सफल उम्मीदवारों का अभिलेख सत्यापन क्रमशः दिनांक–15.12.2019 से दिनांक–19.12.2019 तक एवं दिनांक–02.01.2020 से दिनांक–09.01.2020 तक पूर्वाह्न 9:30 बजे से एवं साक्षात्कार क्रमशः दिनांक–16.12.2019 से दिनांक–20.12.2019 तक एवं दिनांक–03.01.2020 से दिनांक–10.01.2020 तक पूर्वाह्न 10:00 बजे से आयोग कार्यालय में निर्धारित है।

2. अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु उम्मीदवार अपना e-Call Letter दिनांक–06.12.2019 अपराह्न–.5:00 बजे से आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in में अपना रजिस्ट्रेशन नं0 एवं जन्मतिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे। उम्मीदवार e-Call Letter में निदेशित वांछित अभिलेखों के साथ आयोग कार्यालय में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उम्मीदवारों को Call Letter डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

3. आयोग के वेबसाईट से e-Call Letter डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में आयोग के हेल्पलाईन नं0–**0651–2213009/2220111/9431301419/9431301636** पर कार्यदिवस में पूर्वाह्न–11:00 बजे से अपराह्न–5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

4. यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाईट से अपना e-Call Letter प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो वे आयोग के पूछताछ काउन्टर पर **दिनांक–15.12.2019. से पहले कार्यालय अवधि में अपना रजिस्ट्रेशन नं0 एवं जन्म तिथि** सहित आवेदन देकर प्राप्त कर सकते हैं।

5. प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–

सचिव,

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।